आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

02.01.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली (आरेडिका) भारतीय रेलवे की नवीनतम उत्पादन ईकाई है और यह ईकाई भारतीय रेल के लिए यात्री कोच का विनिर्माण कार्य करती है । आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना कोच उत्पादन के क्षेत्र में नित्य नए आयाम स्थापित कर रहा है ।

आरेडिका को रेलवे बोर्ड द्वारा वर्ष 2018–19 में कुल 1232 कोच निर्माण का लक्ष्य दिया गया है । आरेडिका द्वारा वर्ष 2018–19 में कोच उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वर्ष के प्रथम 9 माह में कुल 988 डिब्बे का निर्माण किया गया जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के प्रथम 9 माह में केवल 420 कोच का निर्माण किया गया था।

इस प्रकार, आरेडिका द्वारा इस वर्ष के प्रथम 9 माह में उत्पादित कोचों की संख्या में, पिछले वर्ष के प्रथम 9 माह में उत्पादित कोचों की संख्या से 135 प्रतिशत की वृद्धि हुई है यानि दोगुनी से भी अधिक है । यह आरेडिका के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि है ।

इसके अतिरिक्त इस वर्ष के केवल दिसम्बर, 2018 माह में 144 कोच का उत्पादन किया गया जो कि अभी तक का एक माह का सर्वश्रेष्ठ कोच उत्पादन है । इससे पहले सितम्बर, 2018 में कुल 135 कोच का निर्माण किया गया था ।

दिसम्बर माह में आरेडिका द्वारा इस वित्तीय वर्ष का 900वॉ कोच का निर्माण किया गया था जिसका लोकापर्ण माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 16 दिसम्बर को किया गया और यह आरेडिका के लिए एक गौरव का पल था ।

आरेडिका द्वारा उत्पादित 900वां डिब्बा एक स्मार्ट कोच है और यह कोच यात्रियों की सुविधा, उनकी सुरक्षा, उनके मनोरंजन और विभिन्न उपकरणों के आपसी तालमेल और उनकी कंडीशन मॉनिटिरिंग से युक्त है ताकि लाइन पर चलते हुए कोच की मॉनिटरिंग कहीं से भी हो सके ।

अब आरेडिका इस वित्त वर्ष में 1232 के लक्ष्य को पीछे छोड़ कर, पिछले वर्ष के उत्पादन से दोगुना यादि 1422 कोच बनाने की ओर अग्रसर है । महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा ने इस अभूतपूर्व सफलता पर आरेडिका में कार्यरत सभी कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों और अधिकारियों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि टीम एम.सी.एफ इस वर्ष नये उत्पादन लक्ष्य के अनुसार 1422 कोच का निर्माण सुनिश्चित करेगी ।

(आर.पी.शर्मा) 02/01/19

मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली (आरेडिका) भारतीय रेलवे की नवीनतम उत्पादन ईकाई है और यह ईकाई भारतीय रेल के लिए यात्री कोच का विनिर्माण कार्य करती है । आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना कोच उत्पादन के क्षेत्र में नित्य नए आयाम स्थापित कर रहा है ।

आरेडिका को रेलवे बोर्ड द्वारा वर्ष 2018–19 में कुल 1232 कोच निर्माण का लक्ष्य दिया गया है । आरेडिका द्वारा वर्ष 2018–19 में कोच उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वर्ष के प्रथम 9 माह में कुल 988 डिब्बे का निर्माण किया गया जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के प्रथम 9 माह में केवल 420 कोच का निर्माण किया गया था।

इस प्रकार, आरेडिका द्वारा इस वर्ष के प्रथम 9 माह में उत्पादित कोचों की संख्या में, पिछले वर्ष के प्रथम 9 माह में उत्पादित कोचों की संख्या से 135 प्रतिशत की वृद्धि हुई है यानि दोगुनी से भी अधिक है। यह आरेडिका के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि है ।

इसके अतिरिक्त इस वर्ष के केवल दिसम्बर, 2018 माह में 144 कोच का उत्पादन किया गया जो कि अभी तक का एक माह का सर्वश्रेष्ठ कोच उत्पादन है । इससे पहले सितम्बर, 2018 में कुल 135 कोच का निर्माण किया गया था ।

दिसम्बर माह में आरेडिका द्वारा इस वित्तीय वर्ष का 900वॉ कोच का निर्माण किया गया था जिसका लोकापर्ण माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 16 दिसम्बर को किया गया और यह आरेडिका के लिए एक गौरव का पल था ।

आरेडिका द्वारा उत्पादित 900वां डिब्बा एक स्मार्ट कोच है और यह कोच यात्रियों की सुविधा, उनकी सुरक्षा, उनके मनोरंजन और विभिन्न उपकरणों के आपसी तालमेल और उनकी कंडीशन मॉनिटिरिंग से युक्त है ताकि लाइन पर चलते हुए कोच की मॉनिटरिंग कहीं से भी हो सके ।

अब आरेडिका इस वित्त वर्ष में 1232 के लक्ष्य को पीछे छोड़ कर, पिछले वर्ष के उत्पादन से दोगुना यादि 1422 कोच बनाने की ओर अग्रसर है । महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा ने इस अभूतपूर्व सफलता पर आरेडिका में कार्यरत सभी कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों और अधिकारियों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि टीम एम.सी.एफ इस वर्ष नये उत्पादन लक्ष्य के अनुसार 1422 कोच का निर्माण सुनिश्चित करेगी ।